दिन–मंगलवार दिनांक– 02/04/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आज बिहार में पार्टी के सभी बूथ कमिटी अध्यक्षों से संवाद करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री शाम छह बजे प्रदेश के सतहत्तर हजार तीन सौ बानवे भाजपा बूथ अध्यक्षों से बातचीत करेंगे। वहीं, श्री मोदी नवादा, खगड़िया, सीवान के नौतन, दरभंगा के जाले और औरंगाबाद के रफीगंज के एक–एक बूथ कमिटी सदस्यों से सीधा संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री इस संवाद कार्यक्रम के दौरान नमो एप, नमो टीवी और प्रधानमंत्री के आधिकारिक यूट्यूब चैनल **नरेन्द्र मोदी** के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं से जुड़ेंगे।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राज्य की चार लोकसभा सीटों के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। इन सीटों पर उनतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन सीटों पर बहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे, जिसमें तैंतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये थे। गया संसदीय सीट से पंद्रह, जमुई से सात, नवादा से आठ और औरंगाबाद से नौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के तहत गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा में उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव में आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं और अन्य गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए बिहार समेत छह राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा भी शामिल हैं। ये पर्यवेक्षक, विशेष तौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों में अलोकतांत्रिक चुनावी गतिविधियों की रोकथाम पर विशेष ध्यान देंगे।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने भोजपुर के जिलाधिकारी राज कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव और नवादा के जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा तथा पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल को तत्काल प्रभाव से अपने पद से हटा दिया है। साथ ही आयोग ने इन

चारों पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव पूरा होने तक किसी भी तरह की चुनावी ड्यूटी पर नहीं लगाने का निर्देश दिया है।

————————————————————————

मुजफ्फरपुर से भाजपा के निवर्तमान सांसद अजय निषाद आज कांग्रेस में शामिल हो गये। दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी मौजूद थे। अजय निषाद इस बार भाजपा की ओर से टिकट नहीं मिलने के कारण नाराज चल रहे थे। उनकी जगह पार्टी ने इस बार मुजफ्फरपुर सीट से राजभूषण निषाद को अपना उम्मीदवार बनाया है।

————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने कहा है कि जो नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा पास नहीं करते हैं, वे भी सेवा में बने रहेंगे। मुख्य न्यायाधीश कुमार विनोद चन्द्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक याचिका की सुनवाई के बाद आज फैसला सुनाया। न्यायालय ने नियमावली–बारह के तहत अपीलीय प्राधिकार को खत्म करने संबंधी नियम को भी खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि शिक्षकों के लिए अपीलीय प्राधिकार की व्यवस्था पूर्व की तरह जारी रहेगी। गौरतलब है कि राज्य के नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। विभाग के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमिटी ने सरकार से अनुशंसा की थी कि जो भी नियोजित शिक्षक पांच बार सक्षमता परीक्षा में अनुपस्थित रहते हैं या अनुत्तीर्ण होते हैं तो उनकी सेवा समाप्त की जा सकती है। इसके विरोध में नियोजित शिक्षकों ने पटना उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई जगहों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। उसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान तापामान मे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है।

————————————————————————

मधुबनी जिले के पिपराही के पास एसएसबी की टीम ने अंठानवे किलो गांजा के साथ नेपाल के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————————

मुंगेर जिले के बरियारपुर प्रखंड के फुलकिया गांव में एक घर में खाना बनाने के दौरान आग लग जाने से लाखों रूपये मूल्य की सम्पत्ति जलकर नष्ट हो गयी। वहीं, जिले के बरियारपुर नीरपुर बहियार में खेतों में आग लग जाने से कई एकड़ जमीन में लगी गेहूँ की फसल जलकर राख हो गयी।

————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।